राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए 300 से कम कार्मिको वाले मंत्रालयों/विभागों की श्रेणी में **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** को **'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (द्वितीय)'** प्रदान किया गया है। 14 सितम्बर 2022 को सूरत (गुजरात) में आयोजित **'हिंदी दिवस-2022 तथा द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन'** में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में **संयुक्त सचिव, सुश्री इंदिरा मूर्ति**, ने **गृह राज्य मंत्री, श्री अजय मिश्र**, तथा **राज्यसभा के उपाध्यक्ष, श्री हरिवंश नारायण सिंह** के कर कमलों से यह पुरस्कार प्राप्त किया। साथ में उपस्थित हैं **गृह राज्य मंत्री श्री निशिथ प्रमाणिक** (दायीं ओर) और **सचिव (राजभाषा) सुश्री अंशुली आर्य** (बायीं ओर)।

इससे पहले पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को वर्ष 2019-20 के लिए भी **'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (द्वितीय)'** प्रदान किया गया था।